दिनांक 06.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान — स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

आयुक्त एसके सुंदरानी ने डॉग हाउस का किया आकस्मिक निरीक्षण'

भिलाईनगर/ आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने डाग हाउस का निरीक्षण किया जहां पर कुत्ते का बधियाकरण चिकित्सक द्वारा किया जा रहा था। आवारा कुत्तों को पकड़कर निगम भिलाई द्वारा डॉग हाउस में लाया जाता है और उसे बधियाकरण किया जाता है, ताकि आवारा कुत्तों की जनसंख्या को बढ़ने से रोका जा सके साथ ही कुत्ते के काटने पर लोगों को किसी प्रकार का नुकसान न हो।

कुत्तों के बधियाकरण करने उपरांत उन्हें स्वस्थ होने तक डॉग हाउस में रखा जाता है जब कुत्ते स्वस्थ हो जाते हैं उसके पश्चात उन्हें उनके जगह पर पुनः छोड़ दिया जाता है। वार्ड 11 अंबेडकर नगर में आवारा सांडों के आतंक से कुछ लोग घायल हो चुके हैं इसी के तहत निगम आयुक्त सुंदरानी के निर्देश पर निगम के अधिकारी कर्मचारी , हरचरण अरोरा ,विनोद चंद्राकर एवं अन्य कर्मचारी के द्वारा दो सांडों को बंदी बनाया गया है वार्ड के लोगों ने राहत की सांस ली है!

जन सम्पर्क अधिकारी